भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

03.02.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 234 का उत्तर

कोविड के कारण रेलगाड़ियों को स्थगित किया जाना

234. श्री बसंत कुमार पांडाः
श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन'
श्री कौशलेन्द्र कुमारः
श्री अनिल फिरोजियाः
श्री दीप सिंह शंकर सिंह राठौड़ः
श्री संजय भाटियाः
श्री मोहनभाई कुंडारियाः
सुश्री सुनीता दुग्गलः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे का उन मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर रेलगाड़ियों का संचालन पुनः आरंभ करने का विचार है, जिन्हें कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम के उपाय के रूप में स्थगित किया गया था;

(ख) क्या सभी रेलगाड़ियों का संचालन अनारक्षित श्रेणी के कोचों के साथ पुनः आरंभ कर दिया गया है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और यात्री अनारक्षित श्रेणी के कोचों से कब से यात्रा कर सकेंगे;

(घ) क्या सरकार को इन रेलगाड़ियों का संचालन पुनः आरंभ करने के लिए जनता और विभिन्न हितधारकों की ओर से कोई अनुरोध प्राप्त हुए हैं;

(ङ) यदि हां, तो आवागमन में जनता के समक्ष आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार द्‌वारा उक्त रेलगाड़ियों का संचालन पुनः कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है, जबकि अंतर्राज्यीय बस सेवा, मेट्रो रेल सेवा और विमान सेवा आदि जैसी परिवहन सेवाएं बहुत पहले ही शुरू हो चुकी हैं; और

(च) वर्तमान में प्रचालनशील विशेष रेलगाड़ियों में खान-पान सेवाएं किस तिथि से पुनः आरंभ किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्‌योग और

उपभोक्ता मामले, खाद्‌य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क): कोविड-19 महामारी के फैलाव को रोकने के लिए, भारत सरकार द्‌वारा जारी मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार भारतीय रेलवे ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री गाड़ियों को रोक

दिया था। भारतीय रेलवे ने, सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुपालन में, 1 मई, 2020 से श्रमिक विशेष गाड़ियां चलाने के बाद 12 मई, 2020 से राजधानी विशेष गाड़ियां और 1 जून, 2020 से अन्य विशेष गाड़ियां चला कर यात्री गाड़ियों का परिचालन बहाल किया था। गाड़ी सेवाओं की संख्या में चरणबद्ध तरीके से वृद्धि की गई थी और इस समय, भारतीय रेल 1206 मेल/एक्सप्रेस विशेष गाड़ियां, 204 यात्री गाड़ियां 5017 उपनगरीय गाड़ियां परिचालित कर रही है। इसके अलावा, 684 त्यौहार विशेष गाड़ियां भी परिचालित की जा रही हैं।

(ख) और (ग): संचालित विशेष गाड़ी सेवाओं में सामान्य श्रेणी के सवारीडिब्बे हैं, जिन्हें मौजूदा स्थिति को देखते हुए और सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, आरक्षित श्रेणी के सवारीडिब्बों की भांति बुक किया जा रहा है।

(घ) और (ड.): भारतीय रेलवे उत्पन्न स्थिति पर गहन निगरानी रखे हुए है और नियमित गाड़ी परिचालन को बहाल करने के लिए हर प्रकार से तैयार है। कोविड-19 महामारी से कुशलता से निपटने के लिए राज्य सरकारों की चिंताओं और सुझावों को ध्यान में रखते हुए, विशेष गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है।

(च): हाल ही में चल रही विशेष गाड़ियों में खानपान सेवाओं की व्यवस्था उनके बहाल होने की संबंधित तारीख से की गई है। महामारी के समय सुरक्षित और स्वच्छ खानपान सेवाएं मुहैया कराने के लिए, विशेष गाड़ियों में बना-बनाया भोजन (आरटीई), पैकेटबंद मदें, पैकेटबंद पीने का पानी, चाय/काफी/पेय पदार्थों की व्यवस्था पेंट्री कार, ट्रेन साइड वेंडिंग और मार्ग के स्टेशनों पर स्थैतिक इकाइयों के माध्यम से भुगतान आधार पर की गई है। इसके अलावा, गाड़ियों में यात्रियों के लिए ई-खानपान सेवाओं के जरिए उनकी पसंद के भोजन का आर्डर देने की सुविधा है जो मार्गवर्ती मुख्य स्टेशनों पर उपलब्ध है।

*****